चुनाव से पहले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत काफी नर्वस : हिमंता बिस्वा सरमा

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा में शामिल होने जोधपुर पहुंचे

जोधपुर, (कासं)। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि इस बार चुनाव लड़ने से पहले राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत काफी नर्वस लग रहे हैं। इसीलिए हर थोड़े दिन में नई-नई घोषणा कर रहे हैं। अगर जनता का हित करना ही था तो पहले ही योजनाएं लॉन्च करते। सीएम सरमा बुधवार को जोधपुर में भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा में शामिल होने पहुंचे हैं।

जोधपुर के सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस की परिपाटी है कि चुनाव से पहले मोबाइल, लैपटॉप और मसाले के पैकेट बांटते हैं। मैं खुद कांग्रेस में इस परिपाटी को नजदीक से देख चुका हूं। 25 सितंबर से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की जन आशीर्वाद यात्रा के सवाल पर उन्होंने कहा कि कितनी भी यात्राएं निकाल लें जनता अब उनको यह आशीर्वाद देगी कि घर बैठिये, आपको पांच साल अपने परिवार के साथ बिताना होगा। असम के सीएम ने कांग्रेस पर गहरे कटाक्ष किए। कहा कि कांग्रेस की नीतियों ने नॉर्थ ईस्ट को कमजोर किया। वहां एक राज्य को छोड़कर बाकी 7 में शांति है।

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने जोधपुर में पत्रकार वार्ता की। इस दौरान केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया भी मौजूद थे।

- 'हर थोड़े दिन में नई-नई घोषणा कर रहे हैं अगर जनता का हित करना ही था तो पहले ही योजनाएं लॉन्च करते'
- गहलोत की जन आशीर्वाद यात्रा के सवाल पर उन्होंने कहा कि कितनी भी यात्राएं निकाल लें जनता अब उनको यह आशीर्वाद देगी कि घर बैठिये, आपको पांच साल अपने परिवार के साथ बिताना होगा

आईएनडीआईए अलायंस के एक नेता द्वारा सनातन धर्म खत्म को करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यदि आप एकेडमिक डिबेट में भी इस्लाम के खिलाफ कुछ बोल जाते हैं तो सर तन से जुदा हो जाता है। लेकिन दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन के लोग लगातार सनातन धर्म को गालियां दे रहे हैं। मैं भी नहीं चाहता कि कोई इस्लाम के खिलाफ बोले, लेकिन इंडिया गठबंधन के लोगों द्वारा बार-बार हिंदू धर्म के खिलाफ बयान देने पर भी कांग्रेस चुप है। राहुल गांधी कोई ऑफिशियल बयान नहीं दे रहे हैं कि जिसमें वह सनातन धर्म के खिलाफ इस बयान से अपना किनारा करें। इसका मतलब साफ है कि गांधी परिवार भी इन सबके पीछे है।

सीएम सरमा ने डीजल और पेट्रोल के भाव पर तुलना करते हुए कहा कि असम में राजस्थान की तुलना में पेट्रोल 10 रुपए सस्ता है। इसलिए अब राजस्थान के मुख्यमंत्री यहां महंगाई राहत कैंप लगाकर क्यों दिखावा कर रहे हैं। असम में बिजली भी राजस्थान से कम है और महंगाई दर भी सिर्फ चार प्रतिशत है, जबकि राजस्थान में 8.6 प्रतिशत है। यह नेशनल एवरेज 6.8 से भी ज्यादा है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल डीजल के जो पैसे राजस्थान सरकार ज्यादा ले रही है उसको लेकर सीएम गहलोत को माफी मांगनी चाहिए और राहत देने का यह ड्रामा बंद करना चाहिए। राजस्थान में बढ़ रहे महिला अत्याचार पर भी उन्होंने सरकार को आड़े हाथों लिया। मणिपुर के हिंसा पर पूछे गए सवाल पर सीएम सरमा ने कहा कि नॉर्थ ईस्ट को पूरी तरह से कमजोर करने में कांग्रेस की नीतियां ही जिम्मेदार हैं। जब कांग्रेस की सरकार थी तो नॉर्थ ईस्ट के सभी आठ राज्यों में परेशानी थी। अब एक राज्य को छोड़कर बाकी सभी 7 राज्य शांत हैं।

सीएम सरमा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बोलते हैं कि पूरा देश एक है लेकिन कांग्रेस जो ट्वीट करती है उसमें नॉर्थ ईस्ट को काटकर बताया गया है। इस अवसर पर असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के साथ पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया और केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी मौजूद थे।

दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास

बीकानेर, (कासं)। जुलाई 2020 में एक सात साल की लड़की और नौ साल का लड़का बकरियां चराने के लिए पड़ौस के खेत में गए थे। तभी वहां युवक ने लड़के को डराकर भगा दिया और लड़की के साथ जबरन दुष्कर्म किया और दस रुपए देकर चुप रहने के लिए कहा। इसके बाद भी लड़की ने परिजनों को सब कुछ बता दिया तो गांव वालों ने कैलाश नाम के युवक को गिरफ्तार कर लिया। इस पूरे मामले में अदालत ने आरोपी कैलाश को आजीवन कारावास की सजा सुना दी।

पोक्सो एक्ट के इस मामले में सेशन न्यायाधीश (लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण, अधिनियम 2012) मीनाक्षी जैन ने इस पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए अभियुक्त कैलाश पुत्र पेमाराम को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। आदेश में कहा गया है कि आजीवन कारावास का मतलब शेष जीवन है। ऐसे में अभियुक्त को अब सारा जीवन कारावास में ही भुगतना होगा। महज सात साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म को अदालत ने बहुत ही गंभीरता से लिया है। इस मामले में मृत्युदंड भी दिया जा सकता था लेकिन अदालत ने कहा कि ये 'रेयरेस्ट ऑफ द रेयरे' केस नहीं है। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक सुभाष साहू ने पक्ष रखा।

- कोर्ट ने आरोपी पर करीब एक लाख रुपए का अर्थदंड भी लगाया है

सेशन न्यायाधीश ने अपने आदेश में लिखा है कि ये प्रकरण मानवता को शर्मसार करने वाला और निकृष्टता की पराकाष्ठा का परिचायक है। इस प्रकार के घृणित अपराध करने वाले को समाज से दूर रखा जाना उचित है, तभी समाज में लड़कियां सुरक्षित रह सकेगी। अदालत ने कैलाश को अनेक धाराओं में सजा देते हुए करीब एक लाख रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड जमा नहीं कराने की स्थिति में अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सभी सजायें एक साथ चलेगी।

दुष्कर्मी शिक्षक कोच को बीस साल का कारावास

अजमेर, (कासं)। अजमेर पोक्सो न्यायालय संख्या एक के विशिष्ट न्यायाधीश बन्नालाल जाट द्वारा नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी शिक्षक कोच को बीस वर्ष के कठोर कारावास व 60 हजार रूपए के अर्थदंड से दण्डित किया है। इसके साथ ही न्यायाधीश ने पीड़िता को छह लाख रूपए पीड़ित प्रतिकर राशि दिलाने के भी आदेश दिए है।

एडवोकेट रूपिन्द्र परिहार ने बताया कि पीड़िता हिमाचल प्रदेश की रहने वाली थी और वह वर्ष 2019 में फुटबॉल टूर्नामेंट खेलने के लिए अजमेर आई थी। इस दौरान शहर के एक गार्डन में टीम को ठहराया गया था। मैच चले उसके मध्य टीम के कोच (शिक्षक) ने उसको अपने कमरे में बुलाकर उसके साथ दुराचार किया। वर्ष 2021 में विद्यालय में न्यायाधिपति जस्टिस भल्ला के वैबनार के माध्ययम से छोटे बच्चों व महिलाओं को उनके साथ हो रहे अपराध के बारे में जानकारी दे रहे थे, तब पीड़िता को उसके साथ हुए अपराध का बोध हुआ और उसने अपने विद्यालय प्रशासन को बताया।

- पीड़िता हिमाचल प्रदेश की रहने वाली थी
- 2019 में फुटबॉल टूर्नामेंट खेलने अजमेर आई थी
- 60 हजार रूपए का अर्थदंड भी लगाया

बहस के दौरान अभियुक्त के अधिवक्ता ने उक्त प्रकरण को दो वर्ष विलम्ब से दर्ज कराने एवं पीड़िता का टीम में सलेक्शन नहीं होने के कारण अभियुक्त झूठा फंसाया जाना बताया। एडवोकेट रूपिन्दर परिहार ने बताया कि घटना अजमेर में हुई थी, इस कारण मामला अजमेर में दर्ज हुआ था। अभियोजन पक्ष की ओर से न्यायालय में 19 गवाह व 41 दस्तावेज पेश किए गए।

राजस्थान सरकार अब रेवड़ियां बांटकर जनता को बहका रही है : गजेन्द्र सिंह शेखावत

कांग्रेस सरकार ने किसानों और युवाओं के साथ किया धोखा : केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री शेखावत

जोधपुर, (कासं)। केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने किसानों और युवाओं के साथ धोखा किया है। किसानों के ऋण माफ करने के बजाय उनकी जमीनें नीलाम की जा रही हैं। राजस्थान का आत्मस्वाभिमानी किसान आत्महत्याएं करने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में राज नहीं कुराज है। यह सरकार अब रेवड़ियां बांटकर जनता को बहका रही है, लेकिन पिछली बार धोखा खा चुकी जनता इस बार गहलोत सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए पूरी तरह तैयार है। शेखावत बुधवार को लूणी में भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वादा किया था कि सरकार बनने के बाद दस तक की गिनती गिनने जितने समय में किसानों का ऋण माफ कर दिया जाएगा, लेकिन गहलोत सरकार ने यह वादा आज तक पूरा नहीं किया। उल्टे किसानों की जमीन नीलाम कर रहे हैं। इन्होंने किसानों के साथ धोखा किया। अब तक 20 हजार किसानों की जमीन नीलाम हो चुकी। कर्ज से परेशान दो हजार से अधिक किसानों ने आत्महत्या कर ली। इस बार राज तो रूठा ही राम भी रूठ गया। कहीं ज्यादा बारिश से फसलें खेत में गल गईं तो कहीं सूखे के कारण फसलें सूख गई। गहलोत सरकार कहां तो मुफ्त बिजली का दावा कर रही थी, यहां किसानों को बिजली ही नहीं दी जा रही। इसके चलते वे सिंचाई नहीं कर पाए और उनकी आंखों के सामने ही फसल बर्बाद हो गई।

- लूणी में परिवर्तन संकल्प यात्रा की सभा को केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री शेखावत ने संबोधित किया

शेखावत ने कहा कि ऐसा लगता है कि गहलोत सरकार ने इंश्योरेंस कंपनी के साथ मिलीभगत कर रखी है। फसल बीमा योजना का मुआवजा भी उन्हें नहीं दिया जा रहा है। एक प्रकार से इस सरकार ने राजस्थान को बर्बाद करने का पाप किया है। इस सरकार ने युवाओं के साथ धोखा किया। उन्हें बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था, लेकिन नहीं दिया। भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक होते रहे।

शेखावत ने गहलोत सरकार के महंगाई राहत शिविरों पर तंज कसते हुए कहा कि सरकार को अब अंत समय में लग गया कि हमारी सरकार जाने वाली है, तब महंगाई याद आई है। चार साल तक सरकार क्या करती रही? अब राहत शिविर लगा रही है, लेकिन जनता अब सब समझ चुकी है। एक बार इनके बहकावे में आ गई, दूसरी बार झांसे में नहीं आने वाली।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपनी कुर्सी को बचाने के लिए कई तरह के हथकंडे अपनाए। कानून का राज स्थापित करने में कोताही बरती। राजस्थान में भ्रष्टाचार को ऊंचाई पर लेकर गए। महंगाई को बढाया। बेरोजगारी को पहले पायदान पर पहुंचाया। महिला अपराध में प्रदेश को देश में एक नंबर पर पहुंचाया। इस सरकार के कार्यकाल में दो लाख महिलाओं के साथ बलात्कार हुए। दलितों पर होने वाले अत्याचार को एक नंबर पर पहंचाया। कुल मिलाकर राजस्थान को अपराध का गढ़ बना दिया। सरकार की इस नाकामी को उजागर करने के लिए ही भाजपा को परिवर्तन यात्रा निकालनी पड़ी।

सड़क हादसे में बाइक सवार पिता की मौत, बेटी घायल

रामगढ़ पचवारा, (निसं)। थाना क्षेत्र में बीती रात हुई एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार पिता की मौके पर मौत हो गई एवं बाइक पर सवार बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना उस समय घटी जब बाइक सवार लालसोट थाना क्षेत्र के खटवा ग्राम निवासी संतोष महावर खुद की पुत्री दिव्या को बाइक पर बैठा कर घर आ रहा था।

इसी दौरान थाना क्षेत्र के लालसोट तुगा रोड पर रामनगर रेवड़ी स्कूल के पास एक ट्रैक्टर द्वारा तेज गति में पीछे से मोटरसाइकिल को टक्कर मारने से यह सड़क दुर्घटना घटित हुई। यह सड़क दुर्घटना इतनी तेज थी कि ट्रैक्टर द्वारा मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मारने के बाद बाइक सवार संतोष महावर सड़क पर जा गिरा एवं बेटी दूर उछलकर जा गिरी।

सड़क पर गिरे को पीछे तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर द्वारा कुचल देने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई। सड़क दुर्घटना में गंभीर घायल दिव्या को रामगढ़ पचवारा उप जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों द्वारा दिव्या की हालत गंभीर होने के चलते उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं सड़क दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर को मौके पर छोड़कर घटनास्थल से मौका पाकर भागने में कामयाब रहा। वहीं पुलिस द्वारा बुधवार सुबह मृतक का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सुपुर्द किया गया।

लारेंस के नाम से रंगदारी मांगने वाला सूरत से गिरफ्तार

जोधपुर, (कासं)। शहर के रातानाडा और शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र में बिल्डर और ज्वैलरी कारोबारी महिला को रंगदारी के नाम पर 50-50 लाख की फिरौती मांगने वाले को पुलिस ने गुजरात के सूरत इलाके से दस्तयाब कर गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस की साइबर टीमों के साथ जिला पूर्व एवं पश्चिम की टीमों ने संयुक्त रूप से जाल बिछाया और उसे दस्तयाब के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली। आरोपी का लारेंस से कोई लेना-देना नहीं है। उसे पैसों की जरूरत थी और वह लालच में पड़ा हुआ था। गूगल पर नंबर सर्च कर उसने वाट्सअप कॉल कर शहर के दो प्रमुख लोगों को रूपयों के लिए धमकाया था। पुलिस उपायुक्त पूर्व डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि शास्त्रीनगर और रातानाडा थाने में पिछले तीन- चार दिन पहले किसी शख्स ने बिल्डर और महिला ज्वैलरी कारोबारी को वाट्सअप कॉल कर लारेंस के नाम पर 50-50 लाख की रंगदारी मांगी थी और जान से मारने और उठा लेने की धमकी दी थी। जिस पर जिला पूर्व एवं पश्चिम में एक एक प्रकरण दर्ज हुआ था।

- महिला ज्वैलरी कारोबारी व बिल्डर को धमकी दी थी

डीसीपी डॉ. दुहन ने बताया कि प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आयुक्त रविदत्त गौड़ ने कमिश्नरेट की जिला पूर्व एवं पश्चिम की अलग अलग टीमों का गठन करते हुए रातानाडा थानाधिकारी नरेश मीणा, शास्त्रीनगर थानाधिकारी प्रदीप डांगा के सुपरविजन में गठित टीमों के साथ साइबर टीम ने कॉल करने वाला पता लगाया तो मालूम हुआ कि कॉलिंग सूरत से की गई है। इस पर पुलिस की टीमों ने लोकेशन को मिलाते हुए सूरत से एक युवक उदाणियों की ढाणी जिला फलोदी के हरीराम उर्फ हरिश पुत्र हरचंदराम विश्रोई को दस्तयाब किया। डीसीपी दुहन ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी हरिश उर्फ हरीराम विश्रोई को पैसों की जरूरत थी। वे बेरोजगार था और मजदूरी के लिए इधर-उधर राजस्थान के बाहर मजदूरी करता था। कभी महाराष्ट्र तो कभी गुजरात चला जाता था।

16 सितंबर को शास्त्रीनगर सी सेक्टर निवासी कर्ण सिंह पुत्र पुखराज शाह की तरफ से शास्त्रीनगर थाने में रिपोर्ट दी गई थी कि उसकी पत्नी प्योर गोल्ड नाम से बिजनैस करती है कारोबारी पत्नी के नाम पर चलता है। तब शाम के समय किसी शख्स ने कॉल कर 50 लाख की रंगदारी मांगी और उठा लेने की धमकी देने के साथ जान के लिए धमकाया था। फोन करने वाले ने बार बार कॉल किया तब पति पत्नी थाने पहुंचे और केस दर्ज कराया था। इसी तरह रातानाडा थाने में एक बिल्डर दासपा हाउस के पास में कार्यालय चलाने वाले पृथ्वी सिंह को धमकाया गया था। यह कॉल भी कुछ देर बाद किया गया था। उससे भी कार्यालय बंद कराने और देख लेने की धमकी देकर 50 लाख की फिरौती मांगी गई थी।

फतहसागर-स्वरूपसागर झील फिर छलकी, दोनों के गेट खोले

लेकसिटी में कभी धूप तो कभी बूंदाबांदी, पांचवें दिन भी बारिश



उदयपुर में फतहसागर व स्वरूपसागर झील एक बार फिर छलक गई। स्वरूपसागर के दो गेट तीन-तीन इंच खोले।

उदयपुर, (कासं)। बुधवार को सुबह बारिश के बाद दोपहर में धूप खिली तो शाम होते-होते फिर बदले मौसम के साथ बूंदाबांदी होने लगी। उदयपुर में बरसात का यह पांचवां दिन है लेकिन आज बारिश का दौर कमजोर पड़ता दिखा। इधर, शहर की प्रमुख झीलें फतहसागर व पीछोला झील के लबालब होने से शाम पांच बजे पहले फतहसागर के चारों गेट तीन-तीन इंच व इसके बाद स्वरूपसागर के दो गेट चार-चार इंच खोल दिए गए है।

लेकसिटी में पांचवें दिन भी बारिश का दौर जारी रहा हालांकि आज मानसून का छठा दौर कमजोर पड़ता दिखाई दिया। वहीं लगातार बारिश से झीलों की खुशियां एक बार फिर उफान पर है। मंगलवार को उदयसागर झील के गेट खोले जाने के बाद बुधवार को फतहसागर झील व स्वरूपसागर झील के गेट भी खोल दिए गए है। आकोदड़ा डेम से हो रही आवक के चलते दोनो झील के गेट खोले गए है। वहीं शाम 5 बजे तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार जिले में हल्की बूंदाबांदी के समाचार ही मिले है। जिले के देवास में 5, गोगुन्दा में 4, झाड़ोल में 2, नाई 7, ओगणा 5 व उदयपुर शहर में 4 मिमी बरसात रिकॉर्ड की गई।

चंबल नदी का जलस्तर खतरे के निशान से 2.59 मीटर दूर

बुधवार शाम को चंबल नदी का जलस्तर 128.20 मीटर पहुंचा

कोटा बैराज सहित अन्य स्थानों से चंबल नदी में पानी छोड़े जाने के बाद नदी में उफान आया।

धौलपुर, (निसं)। कोटा बैराज सहित अन्य स्थानों से चंबल नदी में पानी छोड़े जाने के बाद नदी में उफान आया है। जिससे धौलपुर जिले में भी चंबल नदी का जलस्तर बढ़ गया है। जो बुधवार शाम को खतरे के निशान से महज 2.59 मीटर दूर रह गया। हालांकि लोगों को चिंतित और परेशान होने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि अब रात में नदी का जलस्तर लगातार कम होगा तथा अभी तक अतिरिक्त पानी छोड़ने की सूचना नहीं है। हालांकि फिर भी जिलेवासियों को बरसात के समय में सावधान और सतर्क रहने की जरुरत है। सिंचाई विभाग धौलपुर के एईएन पर्पेंद्र मीणा ने बताया कि बुधवार शाम को 6 बजे चंबल नदी का जलस्तर 128.20 मीटर पहुंच गया।

धौलपुर में चंबल नदी का खतरे का निशान 130.79 मीटर पर है। वहीं चेतावनी का निशान 129.79 मीटर पर है। एईएन पर्पेंद्र मीणा ने बताया कि चंबल नदी में गेट खोलकर जो पानी निकल गया था उसके बाद मंगलवार शाम को ही गेट बंद कर दिए गए, इसलिए अब चंबल नदी में और पानी नहीं आएगा तथा रात को जलस्तर और कम होगा, इसलिए जिले वासियों को घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है।

पटाखा व्यापारियों ने दी आत्महत्या की चेतावनी

चूरू, (कासं)। चूरू में पटाखा व्यापारियों के लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं होने से उन्हें बहुत ही परेशानी हो रही है। यहां पटाखा व्यापार मंडल यूनियन के अध्यक्ष राम रतन बजाज, उपाध्यक्ष मनोज बजाज, दिनेश अग्रवाल, योगेश लोहिया, विशाल किल्ला, संजय खेमका आदि प्रशासन से कई बार लाइसेंस नवीनीकरण करने की मांग कर चुके हैं। यहां का प्रशासन पिछले 2 साल से पटाखा व्यापारियों के लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं कर रहा है। व्यापारियों ने बताया कि 2 साल से प्रशासन लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं कर रहा है। उससे पहले 2 साल कोरोना में चले गए। यहां पटाखा व्यापारियों के भूखा मरने की नौबत आ गई है। अब परेशान पटाखा व्यापारियों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र ही उनके लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं हुआ तो वे आत्महत्या करने पर मजबूर हो जाएंगे।

- लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं होने से परेशान है व्यापारी

पर्यावरण स्वीकृति आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आशियाना हाउसिंग लिमिटेड की प्रस्तावित परियोजना "द अमलतास बाय आशियाना" जो कि खसरा सं. 159, 161-165, 167, 169, ग्राम मुरलीपुरा, तहसील- सांगानेर, जिला जयपुर, राजस्थान में स्थित है तथा जिसका भूखण्ड क्षेत्रफल 14602.92 वर्गमीटर है पर भवन निर्माण की पर्यावरण स्वीकृति राज्य पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (SEIAA) से पत्र संख्या F1(4)/SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/ Project/ B2/ Cat.8a (23177)/ 2021-22 दिनांक 15.09.2023 तथा पहचान संख्या EC23B038RJ180399 दिनांक 18.09.2023 को प्रदान कर दी गई है। सहमति प्रपत्र की प्रति राज्य पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (SEIAA) के पास उपलब्ध है एवं पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की वेबसाईट http://www.parivesh.nic.in पर भी उपलब्ध है।